<u>Report: Viksit Bharat@2047</u>

दिनांक 18-12-2023 को, 'विकसित भारत@2047' विषय पर CUHP के **वाणिज्य विभाग** द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई व भारत की प्रगति के प्रमुख आयामों पर चर्चा की गई । विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. मोहिंदर सिंह व डॉ. चमन कश्यप ने प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, और अन्य क्षेत्रों में भारत की प्रगति के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। "विकसित भारत @2047" विषय पर किए सेमिनार में युवाओं को सशक्त बनाने, शिक्षा को महत्वपूर्ण बनाने, और रोजगार, कौशल विकास पर जोर दिया गया। छात्रों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार किए और बुनियादी ढांचे, राष्ट्रीय गौरव, और महिला सशक्तीकरण पर आपसी चर्चा की। सेमिनार में "विकसित भारत@2047" के सुझावों के माध्यम से समृद्ध भारत की एक तस्वीर प्रस्तुत की। इन गतिविधियों के दौरान विभाग के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। अंत में छात्रों ने विकसित भारत की वेबसाइट पर रजिस्टर करके अपने भिन्न-भिन्न सुझाव दिए|